International Journal of Research in Economics and Social Sciences(IJRESS)
Available online at: http://euroasiapub.org
Vol. 12 Issue 4, April- 2022
ISSN(o): 2249-7382 | Impact Factor: 8.018 |

# अलवर जिले में रामगढ़ विधानसभा चुनाव 2013 का तथ्यात्मक विश्लेषण

शेर सिंह
रिसर्च स्कॉलर
भूगोल विभाग
सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय
महाविद्यालय अजमेर (राज.)

डॉ. सुनिता पचौरी
एसोसियट प्रोफेसर
(रिसर्च गाईड)
सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय
महाविद्यालय अजमेर (राज.)

*सारांश :–*वर्तमान में विश्व की राजनीति का प्रमुख आधार निर्वाचन है । विश्व के सभी देशों की शासन प्रणाली चुनावों से सम्बंधित है । विश्व के सभी देशों में चुनाव प्रक्रिया , व्यवस्था एवं समय में बहुत अधिक अन्तर पाया जाता है । विश्व के अधिकांश देशों में लोकतांत्रिक शासन प्रणाली पायी जाती है । अतः यह कथन सत्य प्रतीत होता है कि विश्व की शासन प्रणाली प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से चुनावों से जुड़ी हुई है । चुनावों प्रणाली से किसी देश की आंतरिक शासन व्यवस्था का निर्माण होता हैं एवं दूसरी तरफ से यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्बंधों के निर्धारण में भूमिका निभाती है ।
राजनीतिक भूगोल में निर्वाचन भूगोल एक नवीनतम विषय के रूप में उपजा है । चुनावीं भूगोल को " राजनीतिक स्वेच्छा " का भूगोल भी कहते है । द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात निर्वाचन भूगोल का विकास हुआ । निर्वाचन भूगोल में भूगोलवेताओं की विशेष रूचि रही जिसका प्रमुख कारण चुनावों से सम्बंधित सांख्यिकी आंकडें सरलता से प्राप्त हो जाते है । इन प्राप्त आंकडो के आधार पर किसी देश के चुनावों का विश्लेषण करना सरल होता है । विश्व के जिन देशों में चुनावों से शासन प्रणाली निर्धारण हाता है वहाँ से सांख्यिकी आंकडे आसानी से प्राप्त कर उनका विश्लेषण करना सुगम होता है ।
*मूल शब्द :–लोकतंत्र , चुनावी प्रणाली, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बंध , राजनीतिक भूगोल , निर्वाचन भूगोल, सांख्यिकी आंकडे ।*

*राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 अलवर जिले में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का तथ्यात्मक विश्लेषण :–*

भारत विश्व का सबसे बडा लोकतांत्रिक प्रणाली वाला देश है । लोकतंत्र की आधारशिला चुनाव पर टिकी होती है । भारत में बिना किसी भेदभाव के समस्त नागरिकों को जिनकी उम्र 18 वर्ष एवं इससे अधिक है मतदान का अधिकार प्राप्त है । प्रस्तुत शोध पत्र में राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 के संदर्भ में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का तथ्यात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है । रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र राजस्थान के अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों में से एक है । शोधकर्ता रामगढ विधानसभा क्षेत्र से सम्बंध रखता है । अतः इस शोध में प्राथमिक एवं द्वितीयक आंकडो का प्रयोग किया गया है । इस शोध पत्र में राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग, जयपुर से प्राप्त सांख्यिकी आंकडो का प्रयोग किया गया है । रामगढ विधानसभा के कुल कितने मतदाता तथा कितने पुरूष एवं महिला मतदाता है एवं ये सभी मतदाता किन तत्वों से प्रभावित होकर मतदान करते है, का विश्लेषण किया गया है ।

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 के लिए राज्य में 1 दिसम्बर, 2013 को मतदान हुए । इस विधानसभा चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या 40829312 थी जिनमें से 21521968 पुरूष मतदाता एवं 19307320 महिला मतदाताओ की संख्या थी । 8 दिसम्बर, 2013 को चुनावों का परिणाम घोषित किया गया । इस चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत प्राप्त हुई जिसने 163 विधानसभा क्षेत्रों में जीत का परचम लहराया । कांग्रेस पाटी को मात्र 21 विधानसभा क्षत्रों में ही जीत मिली । चूंकि यह शोध अध्ययन पत्र रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से

International Journal of Research in Economics and Social Sciences(IJRESS)
Available online at: http://euroasiapub.org
Vol. 12 Issue 4, April- 2022
ISSN(o): 2249-7382 | Impact Factor: 8.018 |

है अतः यहां पर अलवर एवं रामगढ विधानसभा के चुनावों की सांख्यिकी तथ्यों का विश्लेषण किया गया है । 14 वीं विधानसभा के चुनाव हेतु रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से 15 पुरूष प्रत्याशियों ने नामांकन भरा इन प्रत्याशियों में एक भी महिला प्रत्याशी नही थी । रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव 2013 के सम्बंध में प्रत्याशियों, मतदाताओ एवं परिणामों के आकंडे निम्नलिखित है ।

रामगढ़ विधानसभा चुनाव 2013

| (i) प्रत्याशी | पुरूष | महिला | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. नामांकन भरा | 15 | 0 | 0 | 15 |
| 2. नामांकन निरस्त | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3. नामांकन वापिस लिया | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 4. चुनाव लड़ा | 13 | 0 | 0 | 13 |
| 5. जमानत जब्त | 11 | 0 | 0 | 11 |
| (ii) मतदाता | | | | |
| 1. सामान्य | 83889 | 72116 | 0 | 156005 |
| 2.प्रवासी | 0 | 0 | 0 | . |
| 3.प्रतिनिधि | 0 | 0 | 0 | . |
| 4. डाक द्वारा | 0 | 0 | 0 | 571 |
| कुल | . | . | . | 156576 |

(iii) पोलिंग प्रतिशत :— 80.21

पोलिंग स्टेशन संख्या :— 238

प्रत्येक पोलिंगस्टेशन पर औसत मतदाता :— 820

(iv) दिनांक

| | |
|---|---|
| 1. पोलिगं तारीख | 1 दिसम्बर, 2013 |
| 2. गणना तारीख | 8 दिसम्बर, 2013 |
| 3. परिणाम तारीख | 8 दिसम्बर, 2013 |

(v) परिणाम

| विजेता का नाम | पार्टी का नाम | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| ज्ञानदेव आहूजा भाजपा | | 73842 |
| उपविजेता का नाम जुबैर खॉ | कांग्रेस पार्टी | 69195 |
| प्राप्त मतो का अंतर 4647 | | |

स्त्रोत–: राज्य निर्वाचन आयोग, जयपुर से प्राप्त सांख्यिकी

उपर्युक्त सारणी राज्य निर्वाचन आयोग जयपुर से प्राप्त की गई है जिसमें रामगढ विधानसभा क्षेत्र में चुनावों के लिए 238 मतदान केन्द्र बनाये गये एवं प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर औसत मतदाताओं की संख्या 820 थी । इस विधानसभा में चुनावों का परिणाम 8 दिसम्बर 2013 को घोषित किया गया जिसमें भाजपा पार्टी के प्रत्याशी ज्ञानदेव आहुजा को

International Journal of Research in Economics and Social Sciences(IJRESS)
Available online at: http://euroasiapub.org
Vol. 12 Issue 4, April- 2022
ISSN(o): 2249-7382 | Impact Factor: 8.018 |

विजयी मिली तथा कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी जुबैर खॉ उपविजेता रहे जिसे 4647 मतों से हार का सामना करना पडा । भाजपा के प्रत्याशी को 73842 मत मिले जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को 69195 मत मिले अर्थात इन दोनो प्रत्याशियों को प्राप्त मतों में 4647 का अंतर रहा ।

रामगढ़ विधानसभा चुनावों में 13 प्रत्याशियों नें नामांकन भरा जिनमें से 2 प्रत्याशियों ने नाम वापिस ले लिया । इस चुनाव में सभी प्रत्याशियों को प्राप्त मतों की संख्या एवं मत प्रतिशत को निम्न सारणी में प्रदर्शित किया गया है ।

| क्र.सं. | प्रत्याशी का नाम | राजनीतिक दल का नाम | प्राप्त मत | प्राप्त मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ज्ञानदेव आहूजा | भाजपा | 73842 | 47.18 |
| 2 | जुबैर खॉ | कॉगस | 69195 | 44.21 |
| 3 | फजरू खॉ | बसपा | 7790 | 4.98 |
| 4 | देवेन्द्र सिंह | NPEP | 1962 | 1.25 |
| 5 | नोटा | NOTA | 1625 | 1.04 |
| 6 | श्यामलाल | निर्दलीय | 693 | .44 |
| 7 | शिवचरण | निर्दलीय | 381 | .24 |
| 8 | विशाल | निर्दलीय | 184 | .12 |
| 9 | कमल सिंह | निर्दलीय | 183 | .12 |
| 10 | जगमोहन शर्मा | JGP | 172 | .11 |
| 11 | केशव | BHBP | 167 | .11 |
| 12 | बाबूलाल | BYS | 108 | .07 |
| 13 | विजेन्द्र | निर्दलीय | 105 | .07 |
| 14 | महेन्द्र सिंह | निर्दलीय | 93 | .06 |

स्त्रोत :– राज्य निर्वाचन आयोग , जयपुर से प्राप्त सांख्यिकी
उपर्युक्त सारणी से यह स्पष्ट होता है कि इस विधानसभा क्षेत्र में 13 प्रत्याशियों ने चुनाव लडा लेकिन भाजपा तथा कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों नें ही सर्वाधिक मत प्राप्त किये । इस विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओ नें प्रमुख रूप से भाजपा एवं कांग्रेस दलो के प्रभाव में आकर मतदान में भाग लिया । बसपा पार्टी का प्रत्याशी फजरू खॉ को 7790 मत प्राप्त हुआ तथा तीसरे स्थान पर रहा । यहा निर्दलीय प्रत्याशियोंएवं अन्य क्षेत्रिय दलों का प्रभाव नगण्य रहा जिन्होने बहुत ही कम मत प्राप्त हुए ।

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 में अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को प्राप्त मतों की संख्या एवं प्राप्त मत प्रतिशत को निम्नलिखित सारणी में वर्णित किया गया है ।

**International Journal of Research in Economics and Social Sciences(IJRESS)**
Available online at: http://euroasiapub.org
Vol. 12 Issue 4, April- 2022
ISSN(o): 2249-7382 | Impact Factor: 8.018 |

विधानसभा चुनाव 2013 अलवर जिले में दलीय स्थिति

| क्र. सं | विधानसभा क्षेत्र का नाम | राष्ट्रीय दल | | | | | | अन्य दल | निर्दलीय | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | भाजपा | बसपा | सी.पी. आई | सी.पी. एम. | कांग्रेस | एन. सी. पी. | | | |
| 1 | तिजारा | 69278 | 31284 | 0 | 0 | 29172 | 0 | 6887 | 7896 | 144517 |
| 2 | किशनगढ़ बास | 71354 | 8530 | 0 | 0 | 56538 | 0 | 1217 | 14325 | 151964 |
| 3 | मुण्डावर | 81798 | 9061 | 0 | 0 | 52381 | 0 | 2071 | 2958 | 148269 |
| 4 | बहरोड | 53835 | 1276 | 0 | 0 | 13024 | 0 | 1030 | 73332 | 142497 |
| 5 | बनसूर | 47412 | 3968 | 0 | 0 | 71328 | 0 | 2899 | 17056 | 142663 |
| 6 | थानागाजी | 52583 | 1149 | 0 | 0 | 22301 | 0 | 51054 | 6762 | 133849 |
| 7 | अलवर ग्रामीण | 60066 | 8366 | 0 | 826 | 33267 | 0 | 34903 | 2272 | 139700 |
| 8 | अलवर शहर | 84791 | 5777 | 1117 | 0 | 22562 | 0 | 18363 | 6256 | 138866 |
| 9 | रामगढ | 73842 | 7790 | 0 | 0 | 69195 | 0 | 2409 | 1639 | 154875 |
| 10 | राजगढ–लक्ष्मणगढ | 17479 | 2823 | 0 | 0 | 9177 | 0 | 122812 | 4188 | 156479 |
| 11 | कठूमर | 53483 | 4837 | 0 | 0 | 37753 | 0 | 33745 | 3567 | 133385 |
| | | 665921 | 84861 | 1117 | 826 | 416698 | 0 | 277390 | 140251 | 1587064 |

स्त्रोत : राज्य निर्वाचन आयोग जयपुर से प्राप्त सांख्यिकी आंकडे
उपर्युक्त सारणी में दिये गये आंकड़ो से यह स्पष्ट होता है कि विधानसभा चुनाव 2013 में अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रो में सर्वाधिक मत भाजपा को प्राप्त हुए एवं दूसरे स्थान पर कांग्रेस पार्टी रही । अलवर जिले में कुल मतदाता 1587064 हुआ जिसमें से भाजपा को 665921 मत मिले तथा कांग्रेस पार्टी को 416698 मत प्राप्त हुए । यहाँ अन्य राष्ट्रीय दलो में से बसपा का वोट बैंक तृतीय स्थान पर रहा जबकि सी.पी.आई., सी.पी.एम. एवं एन.सी.पी. का प्रभाव न्यून रहा । शोध अध्ययन क्षेत्र रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 73842 मत मिले एवं कांग्रेस पार्टी को 69195 मत मिले । इस विधासनभा क्षेत्र में बसपा पार्टी को 7790 वोट मिले जबकि अन्य राष्ट्रीय दलों ने अपने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में नही उतारा । निर्दलीय प्रत्याशियों को 1639 मत प्राप्त हुए जबकि अन्य क्षैत्रिय दलों को 2409 मत मिले । इन सभी चुनावी आंकडो के विश्लेषण से यह प्रदर्शित होता है कि अलवर जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रो में केवल भाजपा ,कांग्रेस एवं बसपा राजनीतिक दलों का ही प्रमुख रूप से प्रभाव है तथा रामगढ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की दिलचस्पी केवल भाजपा, कांग्रेस तथा बसपा दलो की विचारधाराओं में देखने को मिलती है ।

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 में मतदान केन्द्रो की संख्या का वर्णन निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित किया गया है । इस सारणी में अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केन्द्रो के आंकडे प्रस्तुत किये गये है । अलवर जिले में कुल मतदान केन्द्र 2404 बनाये गये जिसमें सर्वाधिक मतदान केन्द्र राजगढ–लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बनाये गये तत्पश्चात रामगढ विधानसभा में 238 मतदान केन्द्र बनाये गये।

International Journal of Research in Economics and Social Sciences(IJRESS)
Available online at: http://euroasiapub.org
Vol. 12 Issue 4, April- 2022
ISSN(o): 2249-7382 | Impact Factor: 8.018 |

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 : अलवर जिले में मतदान केन्द्रों की स्थिति

| क्र.सं. | विधानसभा का नाम | मतदान केन्द्रों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | तिजारा | 207 |
| 2 | किशनगढ बास | 227 |
| 3 | मुण्डावर | 206 |
| 4 | बहरोड | 205 |
| 5 | बानसूर | 220 |
| 6 | थानागाजी | 205 |
| 7 | अलवर ग्रामीण | 215 |
| 8 | अलवर शहर | 211 |
| 9 | रामगढ़ | 235 |
| 10 | राजगढ़ –लक्ष्मणगढ़ | 254 |
| 11 | कठूमर | 216 |
| कुल | | 2404 |

स्त्रोत :– राज्य निर्वाचन आयोग ,जयपुर से प्राप्त सांख्यिकी

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 में अलवर जिले में सभी विधानसभा क्षेत्रो में विजयी प्रत्याशी,उन्हे प्राप्त मत, मत प्रतिशत एवं सम्बंधित राजनीतिक दल आदि से सम्बंधित आंकडे नीचे सारणी में प्रस्तुत किये गये । सारणी के आंकडो से यह प्रदर्शित होता है कि अलवर जिले में विधानसभा चुनाव 2013 में 11 सीटो में से 9 सीटो पर भाजपा ने जीत का परचम लहराया जबकि केवल एकमात्र बानसूर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शकुंतला रावत को विजयी मिली । राजगढ़ –लक्ष्मणगढ क्षेत्र में से राष्ट्रीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गोलमा को विजय प्राप्त हुई । अलवर शहर से भाजपा के प्रत्याशी बनवारी सिंघल ने सर्वाधिक 84791 मत प्राप्त किये ।

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013

अलवर जिला : सभी विधानसभा क्षेत्र, विजयी प्रत्याशी, प्राप्त मत, सम्बंधित राजनीतिक दल

| क्र.सं. | विधानसभा क्षेत्र का नाम | विजयी प्रत्याशी | राजनीतिक दल | प्राप्त मत | प्राप्त मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तिजारा | मामन सिंह यादव | भाजपा | 69278 | 40.93 |
| 2 | किशनगढ बास | रामहेत सिंह यादव | भाजपा | 71354 | 36.39 |
| 3 | मुण्डावर | धर्मपाल चौधरी | भाजपा | 81798 | 43.14 |
| 4 | बहरोड | डॉ. जसवंत सिंह यादव | भाजपा | 53835 | 28.57 |
| 5 | बानसूर | शकुंतला रावत | कांग्रेज | 71328 | 38.44 |
| 6 | थानागाजी | हेमसिंह भडाना | भाजपा | 52583 | 31.05 |
| 7 | अलवर ग्रामीण | जयराम जाटव | भाजपा | 60066 | 32.71 |
| 8 | अलवर शहर | बनवारीलाल सिंहल | भाजपा | 84791 | 42.05 |
| 9 | रामगढ़ | ज्ञानदेव आहूजा | भाजपा | 73842 | 37.83 |
| 10 | राजगढ़ –लक्ष्मणगढ़ | गोलमा | एन.पी.पी. | 64926 | 31.51 |
| 11 | कठूमर | मंगलराम | भाजपा | 53483 | 30.01 |

स्त्रोत :–राज्य निर्वाचन आयोग, जयपुर से प्राप्त सांख्यिकी

International Journal of Research in Economics and Social Sciences(IJRESS)
Available online at: http://euroasiapub.org
Vol. 12 Issue 4, April- 2022
ISSN(o): 2249-7382 | Impact Factor: 8.018 |

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 में अलवर जिले में प्रयुक्त ई.वी.एम.की संख्या 2840 थी तथा शोध अध्ययन क्षेत्र रामगढ विधानसभा क्षेत्र में 238 ई.वी.एम. का प्रयोग किया गया । इस शोध क्षेत्र में कुल मतदान 156576 हुआ जिसमें से वैध मतो की संख्या 154875 थी । इन सभी सांख्यिकी आंडो को नीचे सारणी में प्रदर्शित किया गया ।

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 : अलवर जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्रों में कुल वैध मतो की संख्या एवं प्रयुक्त ई.वी.एम.

| क्र.सं. | विधानसभा क्षेत्र का नाम | कुल मतदान | कुल वैध मतो की संख्या | प्रयुक्त ई.वी.एम. की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तिजारा | 145376 | 144517 | 207 |
| 2 | किशनगढ बास | 154435 | 151964 | 227 |
| 3 | मुण्डावर | 149255 | 148269 | 206 |
| 4 | बहरोड | 143523 | 142497 | 205 |
| 5 | बानसूर | 143624 | 142663 | 440 |
| 6 | थानागाजी | 134816 | 133849 | 205 |
| 7 | अलवर ग्रामीण | 141707 | 139700 | 215 |
| 8 | अलवर शहर | 140888 | 138866 | 211 |
| 9 | रामगढ़ | 156576 | 154875 | 238 |
| 10 | राजगढ़ –लक्ष्मणगढ़ | 157495 | 156479 | 254 |
| 11 | कठूमर | 134066 | 133385 | 432 |
| | कुल | 1601761 | 1587064 | 2840 |

स्त्रोत :– राज्य निर्वाचन आयोग जयपुर ,से प्राप्त सांख्यिकी

उपर्युक्त सारणी से यह स्पष्ट होता है कि अलवर जिले की संपूर्ण 11 विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदान 1601761 में से वैद्य मतों की संख्या 1587064 थी ।

अलवर जिले में समस्त विधानसभा क्षेत्रों में विधानसभा चुनाव 2013 में महिला एवं पुरूष के मतदान प्रतिशत को नीचे सारणी में प्रदर्शित किया गया है ।

राजस्थान विधानसभा चुनाव 2013 : अलवर जिले में मतदान प्रतिशत

| क्र.सं. | विधानसभा क्षेत्रो के नाम | मतदान प्रतिशत | | |
|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | कुल |
| 1 | तिजारा | 87.77 | 84.62 | 86.30 |
| 2 | किशनगढ बास | 79.93 | 78.32 | 79.17 |
| 3 | मुण्डावर | 80.23 | 77.81 | 79.09 |
| 4 | बहरोड | 76.39 | 77.22 | 76.78 |
| 5 | बानसूर | 76.36 | 78.51 | 77.35 |
| 6 | थानागाजी | 77.24 | 81.21 | 79.06 |
| 7 | अलवर ग्रामीण | 77.95 | 75.77 | 76.95 |
| 8 | अलवर शहर | 68.85 | 69.02 | 68.93 |
| 9 | रामगढ़ | 80.34 | 79.72 | 80.05 |
| 10 | राजगढ़ –लक्ष्मणगढ़ | 76.87 | 74.62 | 75.83 |
| 11 | कठूमर | 74.32 | 75.32 | 74.78 |
| | कुल | 77.72 | 77.30 | 77.52 |

स्त्रोतः– राज्य निर्वाचन आयोग ,जयपुर से प्राप्त सांख्यिकी

उपर्युक्त सारणी से यह प्रदर्शित होता है कि अलवर जिले में मतदान प्रतिशत 77.52 रहा जिसमें से पुरूष मतदाताओं का 77.52 प्रतिशत एवं महिला मतदाताओं का 77.30 प्रतिशत मतदान रहा । शोध अध्ययन क्षेत्र रामगढ विधानसभा में 80.05 प्रतिशत मतदान रहा जिनमें से 80.34 प्रतिशत पुरूषो का एवं 79.72 प्रतिशत मतदान रहा ।

उपर्युक्त सभी तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि विधानसभा चुनाव 2013 में अलवर जिले में भाजपा दल का प्रभाव क्षेत्र अधिक रहा जिसने यहां की 9 विधानसभा क्षेत्रो में जीत प्राप्त की तथा कांग्रेस व एन.पी.पी.दलो में केवल एक –एक क्षेत्र में विजय प्राप्त की । शोध अध्ययन क्षेत्र रामगढ़ में भाजपा का प्रत्याशी ज्ञानदेव आहूजा ने जीत दर्ज की ।

निष्कर्ष :– आजादी प्राप्ति के पश्चात लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में भारत का संविधान अपने सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के मतदान करनें एवं चुनावों में सक्रिय भागदारी का अधिकार प्रदान करता है । भारत एवं इसके सभी राज्यो में 1952 से राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर के चुनाव सम्पन्न हुऐ है । राजस्थान विधानसभा 2013 का अलवर जिले के संदर्भ में तथ्यात्मक विश्लेषण किया जाये तो यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि यहा भाजपा पार्टी का सर्वाधिक प्रभाव क्षेत्र रहा है । इस चुनाव में भाजपा ने अलवर जिले की 11 विधानसभा क्षेत्रों में से 9 विधानसभा क्षेत्रों में जीत का परचम लहराया । शोध अध्ययन क्षेत्र मं भी भाजपा को ही जीत मिली तथा इस चुनाव में वसुन्धरा राजे का चमत्कारिक नेतृत्व का प्रभाव भी पड़ा । राजस्थान में भाजपा पार्टी ने 200 विधानसभा क्षेत्रों मे से 163 विधानसभा क्षेत्रो में ऐतिहासिक विजय प्राप्त की , इस चुनाव में मोदी लहर का भी बहुत अधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ा । कई बार चमत्कारिक नेतृत्व तथा कोई विशेष लहर भी मतदाताओं को किसी दल विशेष की ओर आकर्षित कर लेती है । राजस्थान के मतदाता राजनीतिक नेतृत्व के प्रति काफी संवेदनशील होते है जो विभिन्न चुनावों में इसका परिचय देते है ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. दैनिक भास्कर , अलवर, 2 दिसम्बर ,2013
2. राजस्थान पत्रिका , अलवर, 2 दिसम्बर ,2013
3. टाइम्स ऑफ इंडिया , 2 दिसम्बर , 2013
4. ठाकुर , प्रभा, चुनाव–घोषणा पत्र, सिद्वांत एवं स्थिति राजस्थान,हिन्दी ग्रंथ अकादमी , जयपुर 2006, पृष्ठ 50
5. कोठारी ,रजनी, कास्ट पॉलिटिक्स इन इंडिया, आरियन्ट लांगमेन दिल्ली ,1970 ,पृष्ठ 70
6. जिला निर्वाचन कार्यालय , अलवर, चुनाव सांख्यिकी
7. जैन , पुखराज , भारतीय राज व्यवस्था 2017, पृष्ठ संख्या 414
8. राजस्थान निर्वाचन आयोग जयपुर ,14 वीं विधानसभा चुनाव 2013 की सांख्यिकी सूचना 6 मार्च 2014 , पृष्ठ 5 संख्या
9. सक्सैना , हरिमोहन , राजनीतिक भूगोल 2003 , पृष्ठ सं. 200